Series : CPRPR/2 SET ~ 3

प्रश्न–पत्र कोड **3/2/3**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* *अधिकतम अंक : **40***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **सात** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड–क** और **खंड–ख** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खंड–क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खंड–ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*



ZOLLEGE.in

## खंड – क
### (पाठ्य–पुस्तक और पूरक पाठ्य–पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) "फ़ादर कामिल बुल्के का सान्निध्य लेखक के लिए सुखद अनुभूति थी ।" कथन का आशय 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ से क्या संदेश मिलता है ? अपने शब्दों में समझाइए ।

(ग) 'नवाबी नस्ल' से आप क्या समझते हैं ? 'लखनवी अंदाज' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(घ) लेखक को देखकर नवाब साहब असहज क्यों हो गए ? 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'उत्साह' कविता के काव्य–सौंदर्य पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'निराला' ने 'उत्साह' कविता के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के क्या संदेश दिए हैं ? तर्कसंगत उत्तर दीजिए ।

(ग) 'कन्यादान' कविता में शाब्दिक भ्रम किसे और क्यों कहा गया है ?

(घ) वर्तमान में 'कन्यादान' जैसी परंपरा के औचित्य–अनौचित्य पर अपने तर्कसंगत विचार लिखिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) पिता द्वारा भोलानाथ को खाना खिलाने के बाद भी उसकी माँ उसे खाना खिलाती थी, क्यों ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) "हम सभी नदियों और पर्वतों के ऋणी हैं" – कैसे ? 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी एलिजाबेथ द्वितीय के भारत आगमन से पूर्व अधिकारियों को क्या चिंता हुई । देश की नाक बचाने के लिए कौन–सी जी–तोड़ कोशिशें की गईं ?

## खंड – ख
### (रचनात्मक लेखन)

4. (क) (a) आपकी बहन का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन.डी.ए.) में हो गया है । उनके लिए लगभग **40** शब्दों में बधाई संदेश लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) मित्र/सखी को नृत्य प्रतियोगिता में सफल होने तथा प्रथम स्थान पाने के लिए लगभग **40** शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए । **2½**



ZOLLEGE.in

(ख) (a) अपने मित्र को 'लोहड़ी' पर लगभग **40** शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए । **2½**

**अथवा**

(b) 'बाल दिवस' के सफल आयोजन के लिए छात्रों को प्राचार्य की ओर से लगभग **40** शब्दों में एक साधुवाद बधाई संदेश लिखिए । **2½**

5. (क) (a) महिलाओं की सहायता हेतु स्थापित संस्था 'सहयोगिनी' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) सोलर कूकर बनाने वाली कंपनी 'रविरश्मि' के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

(ख) (a) 'नेत्रदान' के लिए प्रोत्साहित करने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

**अथवा**

(b) योग प्रशिक्षण केन्द्र 'आरोग्य' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **50** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **2½**

6. (a) इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है । इस बारे में छोटी बहन/छोटे भाई को सतर्क करने के लिए लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

(b) अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री को लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) पर्यावरण संरक्षण : समय की माँग

• मानव और पर्यावरण में अटूट संबंध • संरक्षण की आवश्यकता क्यों ? • संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव • सुझाव

(ख) एक भारत, श्रेष्ठ भारत

• योजना का प्रारंभ कब ? • ऐसी योजनाओं की आवश्यकता क्यों ? • विद्यालयों में इसे कार्य रूप में कैसे लाया गया ? • प्रभाव

(ग) ऑनलाइन शिक्षा : शिक्षा जगत में नवीन क्रांति

• वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिवार्यता • सकारात्मक प्रभाव • कमियाँ • सुझाव



ZOLLEGE.in

*



ZOLLEGE.in